जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

3 मई 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने स्वर्गीय डॉ. जाकिर हुसैन की 55वीं पुण्य तिथि मनाई।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं जामिया के पूर्व कुलाधिपति और कुलपति स्वर्गीय डॉ. जाकिर हुसैन की 55वीं पुण्य तिथि मनाई। आज विश्वविद्यालय परिसर स्थित उनकी समाधि पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जहां लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद सहित स्वर्गीय डॉ. जाकिर हुसैन के परिवार के सदस्यों ने उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. इकबाल हुसैन ने यह कहा कि "इस विश्वविद्यालय में डॉ. जाकिर हुसैन की सेवाएं और योगदान अतुलनीय हैं। वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री और उत्कृष्ट बुद्धिजीवी थे। उन्हें भारत रत्न कि उपाधि मिली थी और उन्होंने अपनी दूरदृष्टि, उल्लेखनीय दृढ़ विश्वास तथ विश्वविद्यालय, समुदाय एवं राष्ट्र कल्याण में गहरी रुचि के आधार पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कद को बहुत ऊँचा किया ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया